


# सीएमडी संवाद




**आर.के. चौधरी**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

जनवरी-मार्च 2025

*''प्रतिभा खेल जीतती है, लेकिन टीमवर्क और बुद्धिमत्ता चौंपियनशिप जीतती है।''*

**– माइकल जॉर्डन**

*प्रिय एसजेवीनाइटस ,*

मैं अपना संदेश ग्रेट प्लेस टू वर्क, इंडिया द्वारा ग्रेट प्लेस टू वर्क का प्रमाण पत्र हासिल करने पर प्रत्येक एसजेवीएनाइट को हार्दिक बधाई देकर आरंभ करना चाहता हूँ। एसजेवीएन ने निरंतर द्वितीय वर्ष उत्कृष्ट प्रमाणन हासिल किया है। यह मान्यता कर्मचारी कल्याण एवं सहयोगात्मक कार्य माहौल के प्रति हमारे अटूट समर्पण का प्रमाण है। यह विश्वास, उत्कृष्टता एवं विकास की संस्कृति सृजित करने के लिए एसजेवीएन टीम के सामूहिक प्रयासों को भी उजागर करता है।

एसजेवीएन उपलब्धियों की कैप में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए एसजीईएल ने 2 अप्रैल, 2025 को 1000 मेगावाट बीकानेर सौर विद्युत परियोजना के प्रथम चरण में 241.77 मेगावाट क्षमता की सीओडी सफलतापूर्वक हासिल कर ली है। संपूर्ण परियोजना को 30 सितंबर, 2025 तक कमीशन करने की योजना है, जो हमारे हरित ऊर्जा लक्ष्य की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

मुझे यह साझा करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि एसजेवीएन ने बिहार सरकार के साथ 1000 मेगावाट की हाथीदाह दुर्गावती पंप स्टोरेज परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। परियोजना की अनुमानित लागत 5,663 करोड़ रुपए है। छत्तीसगढ़ में 1800 मेगावाट कोटपाली पंप स्टोरेज परियोजना (पीएसपी) के विकासार्थ छत्तीस गढ़ सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) के साथ 9,500 करोड़ रुपए का एक अन्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।

हमारे प्रमुख जलविद्युत स्टेशनों ने पुनः ऊर्जा उत्पादन में नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। 1500 मेगावाट एनजेएचपीएस ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में उच्चतम एकल-दिवसीय और विद्युत उत्पादन सहित कई नए रिकॉर्ड स्थापित करने के साथ 7421.453 मि.यू. का तृतीय उच्चतम वार्षिक विद्युत उत्पादन हासिल किया। 412 मेगावाट रामपुर एचपीएस ने अपने एमओयू लक्ष्य से अधिक 2073.9971 मि.यू. का विद्युत उत्पादन किया और एक दशक में द्वितीय उच्चतम उत्पादन दर्ज किया। 60 मेगावाट नैटवाड़ मोरी एचपीएस ने अपनी डिजाइन ऊर्जा से अधिक 316.41 मि.यू. का विद्युत उत्पादन किया और यह एसजेवीएन के सुदृढ़ समग्र निष्पादन में योगदान दे रहा है।

1500 मेगावाट एनजेएचपीएस को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए हाइड्रो सेक्टर में सर्वश्रेष्ठ अनुरक्षण वाली परियोजना हेतु सीबीआईपी अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। यह मान्यता प्रचालनात्मक उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

परियोजना की प्रगति को देखते हुए, हम अनुभव कर सकते हैं कि कई परियोजनाओं में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। 66 मेगावाट धौलासिद्ध एचईपी में, 65% संचयी कार्य पूर्ण हो चुके हैं और बांध कंक्रीटिंग, पावर हाउस कार्य और पेनस्टॉक निर्माण कार्य अग्रिम चरण में हैं। 210 मेगावाट लूहरी चरण-1 एचईपी में, समग्रतः 51% भौतिक प्रगति हासिल हुई और केविटी ट्रीटमेंट एवं डायवर्जन टनल की बहाली से संबंधित कार्य पूरे जोरों पर हैं।

साथ ही, 1320 मेगावाट बक्सर थर्मल पावर परियोजना में कार्य का 87% संचयी कार्य पूर्ण हो गया है। यूनिट-1 के लिए, एसटीजी-1 की चिमनी एवं संरचना निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है और बॉयलर-1, ईएसपी-1 और एसटीजी-1 उपकरणों का निर्माण कार्य पूर्ण होने के अग्रिम चरण में है। इसके अलावा,

दिनांक 31.03.2025 को मल्टी मॉडल गति शक्ति कार्गो टर्मिनल के माध्यम से वैकल्पिक कोयला परिवहन व्यवस्था के लिए चरण-1 का कार्य भी पूर्ण हो चुका है।

900 मेगावाट अरुण-3 एचईपी में अब तक 68% संचयी कार्य पूर्ण हो चुका है। एचआरटी खुदाई पूर्ण हो चुकी है और लाइनिंग कार्य प्रगति पर हैं। विद्युत गृह परिसर का कार्य अग्रिम चरण में है। दाएं किनारे के बांध एबटमेंट की बहाली एवं बांध कंक्रीटिंग का कार्य प्रगति पर है। ट्रांसमिशन लाइन का 50% कार्य भी पूर्ण हो चुका है।

382 मेगावाट सुन्नी बांध एचईपी में अब तक 28% कार्य पूरा हो चुका है। बांध के बाएं एबटमेंट की खुदाई पूर्ण हो गई है और दाएं एबटमेंट की खुदाई का कार्य प्रगति पर है। एमएटी, पावरहाउस कैवर्न, ट्रांसफॉर्मर हॉल कैवर्न, टेल रेस टनल और प्रेशर शाफ्ट की एडिट की खुदाई का कार्य प्रगति पर है। परियोजना हेतु ईएम कार्य पैकेज भी निविदा चरण में है।

एसजेवीएन ने नई दिल्ली में स्टेकहॉल्डर्स एवं डिस्कॉम के साथ सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए प्रथम कस्टमर मीट का सफलता पूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन ने विचारों के आदान-प्रदान, उभरती चुनौतियों का समाधान एवं साझेदारी को सुदृढ़ करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। 1500 मेगावाट एनजेएचपीएस ने एमएसएमई के लिए वेण्डर डेवलपमेंट मीट के 23वें संस्करण का आयोजन किया, जोकि एक महत्वपूर्ण सफलता रही। मेरा मानना है कि इस तरह की बैठकें समावेशी पारिस्थिति की तंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जहां एमएसएमई विकसित और सफल हो सकते हैं।

समाज की बेहतरी की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, एसजेवीएन एवं पीएसएम आरआई ने अरुणाचल प्रदेश में मोबाइल मेडिकल यूनिट लांच करने हेतु संयुक्त रूप से कार्य किया। इस सहयोग का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश के सुदूरवर्ती स्थानों पर भी मेडिकल पहुंच सुनिश्चित करते हुए लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाना है। इस पहल में आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं शामिल थीं और निःशुल्क मेडिकल कंस्ट्रक्शन, नैदानिक आवश्यकताएं, दवाईयां और आपातकालीन देखभाल जैसी सेवाएं प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त, एसजेवीएन ने कॉरपोरेट मुख्यालय, शिमला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में एक नया रिकॉर्ड कायम करते हुए कुल 204 कर्मचारियों/परिजनों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आरएचपीएस और एलएचईपी-1 द्वारा इसी तरह के रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इस तरह की पहल समाज की बेहतरी के लिए हमारे मूल्यों और प्रतिबद्धता को दोहराती है।

एसजेवीएन ने ''प्रज्वलित मन, प्रज्वलित विचार'' थीम के आधार पर प्रश्नोत्तरी नामतः ज्ञानोत्कर्ष प्रतियोगिता एवं ''नव दृष्टि एक प्रस्तुति प्रतियोगिता'' द्वारा कर्मचारियों के लिए 'एसजेवीएन उद्भव 2025' का सफलता-पूर्वक आयोजन किया। एसजेवीएन की विभिन्न परियोजनाओं और कार्यालयों में तैनात कर्मचारियों ने कंपनी की वृद्धि, सततशीलता, उत्कृष्टता एवं भावी योजनाओं पर नवोन्मेषी विचार प्रस्तुत किए। उत्साही भागीदारी और व्यावहारिक चर्चाओं के साथ, यह कार्यक्रम कर्मचारियों की सहभागिता, नॉलेज शेयरिंग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 के अवसर पर एसजेवीएन ने 'त्वरित कार्रवाई' विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण को हासिल करने के लिए त्वरित और निर्णायक कदम उठाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

एसजेवीनाइटस पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में विभिन्न सीपीएसयू द्वारा आयोजित खेल आयोजनों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। झारखंड में 24वें आईसीपीएसयू कबड्डी टूर्नामेंट के फाइनल में बीबीएमबी पर शानदार प्रदर्शन और जीत के लिए एसजेवीएन की टीम को बधाई। एसजेवीएन ने लखनऊ में आरईसी द्वारा आयोजित 27वें अंतर सीपीएसयू टेबल टेनिस टूर्नामेंट में वुमन-डबल में प्रथम स्थान एवं व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धाओं में द्वितीय और तृतीय स्थान भी हासिल किया है। एसजेवीएन ने खेल भावना एवं नेतृत्व गुणों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24वें आईसीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट की भी मेजबानी की। ये टूर्नामेंट टीम-वर्क एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं और एसजेवीएन को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

मन में सकारात्मकता और आने वाले समय में बेहतर प्रदर्शन करने के दृढ़ संकल्प के साथ, आइए हम प्रगति के पथ पर उत्साहपूर्वक आगे बढ़ें और वर्ष 2030 तक 25000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50000 मेगावाट के अपने साझा लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वयं को प्रेरित रखें।

प्रेरित रहें! कड़ी मेहनत एवं दृढ़ संकल्प के लिए हाँ कहते रहें!

**जय हिंद!**

**(आर.के. चौधरी)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**






speedways46@gmail.com